
Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# ग्रामीण सड़क सुविधा न मिलने से पलायन करने को हुए मजबूर

**जिम्मेदार कौन** गणाई तहसील के पभ्या गांव के लोग 1998 से करते आ रहे है सड़क की मांग

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ की गणाई तहसील के पभ्या गांव के ग्रमीण गांव में सड़क सुविधा का इंतजाम न होने के कारण गांव से काफी तादात में पलायन करने को मजबूर हो चुके है। जानकारी के मुताबिक साल 1998 से शासन व बड़े–बड़े जनप्रतिनिधियों से आजतक गांव के ग्रमीण गांव में सड़क बनाने की मांग करते आ रहे है। वही बीस साल बीत जाने के बाद भी गांव के ग्रमीण सड़क की मांग अबतक पूरी न हो पाने के कारण खासी मायूसी झेलने को मजबूर हो रहे है।



जोलियाखेत से पभ्या पहुंचने के लिए गांव के ग्रमीणों को लगभग चार किमी खड़ी चढ़ाई पार करने को मजबूर होना पड़ रहा है। आलम यह है कि गांव के ग्रमीणों में बुर्जुग व गर्भवती महिलाएं व स्कूली बच्चों को खासे दुर्गम हो चुके रास्ते को पार करने में परेशानी से दो चार होना पड़ रहा है।

गांव में पैतालीस परिवार रहते है जिनमें से वर्तमान में पन्द्रह परिवार यहां से हल्द्वानी पलायन कर चुके है। दूसरी ओर सबसे ज्यादा परेशानी गांव के ग्रमीणों को बीमार और प्रसव पीड़ा से जूझ रही महिलाओं को डोली से सड़क तक जोखिम भरी खड़ी चढ़ाई पार कर अस्सी किमी दूर अल्मोड़ा उपचार के लिए ले जाना पड़ रहा है। सड़क न बन पाने के कारण गाव के ग्रमीणों को सबसे ज्यादा परेशानी से जूझना पड़ रहा है।

सड़क सुविधा से वंचित गांव के ग्रमीणों को अन्य जरूरती सुविधाओं के लिए मोहताज होना पड़ रहा है। जब कभी गांव के ग्रमीण गणाई तक पहुंचने का प्रयास करते है वही ऐसे में चार किमी खड़ी पैदल चढ़ाई को जान जोखिम में डालकर आवाजाही करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

गांव में सड़क के साथ ही पानी की भी खासी किल्लत गांव के ग्रमीण झेल रहे है। गांव के ग्रमीणों को बीस किमी दूर बसियाखेत जाकर पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है। वही हालात इतने जर्जर है कि पभ्या गांव के ग्रमीण कही न कही अनदेखी की मार व उपेक्षा का दंड झेल रहे है।

इस बारे में बेरीनाग के लोक निमार्ण विभाग के ईई विनोद सिन्हा ने बताया कि भनेडा से पभ्या तक सड़क स्वीकृत हो चुकी है। वन भुमि हस्तांरण की फाइल अभी फिलहाल केन्द्र सरकार के पास लंबित पड़ी है। प्रस्ताव की फाइल के आने का इंतजार किया जा रहा है।

## न्यूज डायरी

### जिला पंचायत के आंदोलित सदस्यों की एएमए से वार्ता विफल

**संवाददाता** बागेश्वर। नियोजन समिति के कार्यकाल का अलग–अलग समय निर्धारित किए जाने के दो अलग–अलग एक्ट का मामला तूल पकड़ गया है। आंदोलित सदस्यों की एएमए के साथ वार्ता विफल रही।धरने में बैठे विपक्षी सदस्यों ने कहा कि अध्यक्ष ने जो किताब दिखाई है वह भ्रम पैदा कर रही है। उन्होंने इसकी जांच करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। 15 जून से जिला पंचायत की अनियमितताओं की जांच को लेकर जिपं के नौ सदस्यों का धरना शनिवार को भी जारी रहा। इस दौरान सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक ज्ञापन भेजा। उन्होंने कहा कि यह किताब भ्रम पैदा कर रही है, जबकि असली एक्ट की किताब में नियोजन समिति का कार्यकाल एक साल है।

### डॉ. सुबी चतुर्वेदी को इनोवेटिव लीडर ऑफ दि ईयर के तौर पर किया गया सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। दूरसंचार के क्षेत्र में कॉरपोरेट जगत एवं एजेंसियों में महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान का सम्मान करते हुए, एक्सचेंज4मीडिया ने प्रतिष्ठित विमेन अचीवर्स समिट एंड अवार्ड्स 2021 के विजेताओं की घोषणा की। डॉ. सुबी चतुर्वेदी, चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स एंड पॉलिसी ऑफिसर, जूपी को ऑनलाइन गेमिंग के प्रारूप को बेहतर बनाने और सार्वजनिक और पॉलिसी के क्षेत्र में अच्छे संभाषण के लिए टेक्नोलॉजी के उपयोग के लिए इनोवेटिव लीडर ऑफ द ईयर के तौर पर सम्मानित किया गया। डॉ. सुबी चतुर्वेदी सकारात्मक परिवर्तन और डिजिटल रूपांतरण की प्रबल समर्थक रही हैं। उन्हें इस उद्योग में सामान्यतः ऑनलाइन गेमिंग के क्षेत्र के लिए और विशेषतः कौशल–आधारित ऑनलाइन गेमिंग में अपने वर्ग की प्रमुख कंपनी, जूपी के लिए क प्रमुख समर्थक माना जाता है।

### एयरटेल ने लांच किया एयरटेल ब्लैकः भारत का पहला ऑल–इन–वन सॉल्यूशन

**संवाददाता** देहरादून। भारत की प्रीमियर संचार सेवा प्रदाता, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज अपने ग्राहकों के लिए पहले ऑल–इन–वन सॉल्यूशन व नवीनतम इनोवेटिव सर्विस एयरटेल ब्लैक के शुभारंभ की घोषणा की। आज की दुनिया में, ग्राहक का काम–काजी जीवन और निजी जीवन दोनों के लिए एक ही जगह बन गया है। हाई स्पीड डेटा की आवश्यकता, घर पर मनोरंजन की आवश्यकता और मोबाइल पर निर्बाध कनेक्टिविटी की आवश्यकता, अब एक निर्बाध समग्र आवश्यकता है। अभी तक इन सोवाओं को ऐतिहासिक रूप से व्यक्तिगत सेवाओं के रूप खरीदा व प्रबंधित किया गया है। हमने ग्राहक की समस्या को कहा कि इस समस्या को हल करने के लिए कुछ नया करने का फैसला किया है।

## आबकारी निरीक्षक 35 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**संवाददाता** रुड़की (हरिद्वार)। रुड़की के आबकारी निरीक्षक को विजिलेंस की टीम ने शराब कारोबारी से 35 हजार की घूस लेते उसके घर से गिरफ्तार किया है। शराब की दुकान की नियमित चेकिंग में क्लीन चिट देने के नाम पर 50 हजार की रिश्वत मांगी थी। आबकारी निरीक्षक के फ्लैट से 6.95 लाख की रकम भी बरामद हुई है।

रुड़की के साउथ सिविल लाइंस निवासी मोहन सिंह रावत की रावत एसोसिएट के नाम से फर्म है। मोहन सिंह रावत को 2021–22–23 के लिए ढंडेरा और अमानतगढ़ में शराब की दो दुकाने आवंटित हुई है। रुड़की के आबकारी निरीक्षक मानवेंद्र सिंह पंवार समय समय पर आवंटित शराब की दुकान में चेकिंग करते रहते है। 28 जून को आबकारी निरीक्षक ने मोहन सिंह रावत को फोन करके अपने कार्यालय में बुलाया। आबकारी निरीक्षक ने चेकिंग में क्लीन चिट देने और फर्जी आपत्ति नहीं लगाने के एवज में 50 हजार रुपये की मांग की। उस समय कारोबारी ने कोरोना काल का हवाला देते हुए इतनी रकम देने से मना कर दिया।

शनिवार की दोपहर दो बजे शराब कारोबारी पाउडर लगे 35 हजार रुपये आबकारी निरीक्षक के फ्लैट में लेकर पहुंचे। आबकारी निरीक्षक के रिश्वत लेते ही टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया और रकम भी बरामद की। विजिलेंस की टीम ने आबकारी निरीक्षक के कमरे की तलाशी ली तो बेड के बॉक्स से 6.95 लाख रुपये बरामद हुए।



## डबल इंजन सरकार के खिलाफ उतरे कांग्रेसी

**संवाददाता** सोमेश्वर (अल्मोड़ा)। पर्वतीय क्षेत्रों में सड़कों की खस्ताहालत और आसमान छू रही महंगाई के खिलाफ कांग्रेसी सड़क पर उतर आए। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन पुतला फूंका। आरोप लगाया कि डबल इंजन सरकार रसोई गैस, पेट्रो पदार्थ व अन्य जरूरी सामान की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि कर आमजन के शोषण पर आमादा है। यह भी कहा कि एक ओर सरकार व उसके मंत्री पहाड़ में सड़कों का जाल बिछाने का दावा कर रहे। वहीं पर्यटक स्थलों को जोडने वाली सड़कें बदहाल पड़ी हैं।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका राज्य सरकार का पुतला, महंगाई के खिलाफ किया प्रदर्शन

**संवाददाता** टनकपुर। रसोई गैस, डीजल समेत खाद्य पदार्थों में हुई वृद्धि के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को टनकपुर में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला फूंका। उन्होंने कहा कि महंगाई पर नियंत्रण नहीं लाया गया तो कांग्रेस राज्य सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन शुरू कर देगी।

पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ता स्टेशन चौराहा में एकत्रित हुए और उन्होंने जोरदार नारेबाजी के साथ राज्य सरकार का पुतला दहन किया। पूर्व विधायक ने कहा कि भाजपा शासनकाल में सिर्फ महंगाई का विकास हुआ है। खाद्य पदार्थों के दाम आसमान छूने से आम आदमी को काफी परेशानी का सामान

**राज्य सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन शुरू कर देगी कांगेस**

करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दैनिक उपयोग में आने वाली चीजों केदाम आए दिन बढ़ रहे हैं, लेकिन सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है। उन्होंने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम शीघ्र कम करने की मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को जनता के आक्रोश का कोई भय नहीं है। आगामी विधान सभा चुनाव में जनता भाजपा सरकार को सबक सिखाएगी। कांग्रेस नगर अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार अपनी साख बचाने में लगी हुई है। आम जनता के हितों से उसका कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार महंगाई के खिलाफ आंदोलन कर रही है, जिसे आम जनता का पूरा समर्थन मिल रहा है। आलम यह है कि महिलाओं व बेटियों को सशक्त बनाने की दुहाई देने वाली भाजपा के नेता ही बेटियों के उत्पीडन में आगे हैं।

विरोध प्रदर्शन में गोपाल बिष्ट, शंकर पाल, भैरव दत्त जोशी, सुभाष चंद, जगदीश चंद्र बिष्ट, अशोक मुरारी, संजय अग्रवाल, चंदन सिंह बोहरा, देवेंद्र सिंह, चंदन सिंह बिष्ट, सूरज बोहरा, हरीश जोशी, दीपक पांडेय, मोहम्मद दानिश, आसिफ खान, रूपेश कुमार समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे। बाद में कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल ने विधान सभा चुनाव पर चर्चा करते हुए अभी से तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए।

## छह दिन बाद शुरू हुआ वैक्सीनेशन, ढाई हजार को लगी वैक्सीन

**संवाददाता** रुड़की। छह दिन बाद शनिवार को शहर में एक बार फिर से कोरोना वैक्सीनेशन शुरू हो गया है। एक साथ 10 केंद्रों पर वैक्सीनेशन हुआ। इनमें सात केंद्रों पर कोविशील्ड व तीन केंद्रों पर को–वैक्सीन लगाई गई है। ढाई हजार व्यक्तियों को यह वैक्सीन लगी है। वैक्सीन के लिए सभी केंद्रों पर भीड़ रही। रविवार को भी वैक्सीनेशन का काम जारी रहेगा।

कोरोना वैक्सीन न होने के चलते वैक्सीनेशन का कार्य नियमित रूप से नहीं चल पा रहा है। 26 जून को शहर में वैक्सीनेशन हुआ। लेकिन, उसके बाद वैक्सीन खत्म हो गई। वैक्सीन न होने के चलते वैक्सीनेशन का काम ठप रहा। लोग प्रतिदिन वैक्सीनेशन केंद्रों पर पहुंचे और निराश ही वहां से वापस लौट गए। हालांकि नगर निगम के वैक्सीनेशन सेंटर पर को–वैक्सीन की दूसरी डोज लगती रही। वैक्सीनेशन ना होने से लोग काफी परेशान रहे। शनिवार को छह दिन बाद वैक्सीनेशन का काम शुरू हुआ।